# बिहार सरकार
## अल्पसंख्यक कल्याण विभाग

**पत्रांक– अ०स०क०–08–क०–PMJVK–13/2021(पार्ट) ............................./पटना–15, दिनांक...............................**

प्रेषक,

**डॉ० अमीर आफाक अहमद फैजी**
विशेष सचिव–सह–निदेशक

सेवा में,

**महालेखाकार (ले० एवं ह०),**
बिहार, पटना।

**विषयः– प्रधान मंत्री जन विकास कार्यक्रम (पूर्व में एम०एस०डी०पी०) अंतर्गत अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली की विभिन्न प्राधिकृत समितियों में स्वीकृत परियोजनाओं की अव्यवहृत केन्द्रांश मद की कुल राशि ₹2452.25973 लाख (चौबीस करोड़ बावन लाख पच्चीस हजार नौ सौ तिहत्तर रूपये) मात्र को भारत सरकार की संचित निधि में जमा करने की स्वीकृति।**

प्रसंग– संयुक्त सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली का अर्द्ध–सरकारी पत्रांक MsDP –21/45/2022–MsDP -MoMA, दिनांक– 26.09.2025

**आदेश–स्वीकृत।**

उपर्युक्त विषय एवं प्रासंगिक पत्र के आलोक में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रधान मंत्री जन विकास कार्यक्रम (पूर्व में एम०एस०डी०पी०) के अंतर्गत अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली की विभिन्न प्राधिकृत समितियों में स्वीकृत परियोजनाओं के लिए उपलब्ध करायी गयी राशि में से अव्यवहृत राशि को भारत सरकार के संचित निधि में जमा किया जाना है।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली की 11वीं प्राधिकृत समिति में सीतामढ़ी जिला में स्वीकृत एवं वित्तीय वर्ष 2009–10 में विमुक्त आँगनबाड़ी केन्द्रों का अव्यवहृत प्रथम किस्त केन्द्रांश मद की राशि ₹186.28973 (एक करोड़ छियासी लाख अटठाईस हजार नौ सौ तिहत्तर रूपये) एवं 55वीं प्राधिकृत समिति (वित्तीय वर्ष 2011–12) में स्वीकृत सीतामढ़ी जिला को आवंटित राशि ₹660.73 लाख (छः करोड़ साठ लाख तिहत्तर हजार रूपये) मात्र की 03 परियोजना को ड्रॉप हो जाने के कारण जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, सीतामढ़ी द्वारा चालान के माध्यम से आवंटित राशि को कोषागार में जमा कर दी गयी है (चालान की छायाप्रति संलग्न)।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली की 91वीं प्राधिकृत समिति में स्वीकृत एवं मंत्रालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2018–19 में विमुक्त राशि, दो इकाई सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण की परियोजनाओं की राशि को SNA में जमा ड्रॉप योजना की अव्यवहृत राशि से व्यय किये जाने के कारण भारत सरकार से उक्त दो इकाई सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण हेतु आवंटित राशि ₹265.03 लाख (दो करोड़ पैंसठ लाख तीन हजार रूपये) मात्र की निकासी नहीं की गयी है।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली की विभिन्न प्राधिकृत समितियों (वित्तीय वर्ष 2012–13, 2016–17, 2017–18 एवं 2018–19) में स्वीकृत परियोजनाएँ ड्रॉप हो जाने के कारण ₹1340.21 लाख (तेरह करोड़ चालीस लाख इक्कीस हजार रूपये) मात्र की राशि की निकासी नहीं की गयी है।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा प्राप्त आवंटन के विरूद्ध जिस राशि की निकासी नहीं की गयी है एवं चालान द्वारा जमा राशि का वित्तीय वर्षवार विवरण निम्न तालिका में अंकित हैः–

कृ०पृ०उ०

(राशि लाख रूपये में)

| क्र० सं० | अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय का स्वीकृत्यादेश सं० | वित्तीय वर्ष | प्राप्त राशि | अव्यवहृत राशि | अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय को वापस की जाने वाली कुल राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| i | No. 3/5(5)/2008-PP-I Dated 25.06.2009 | 2009-10 | 300 | 186.28973 | 186.28973 | |
| ii | No. 3/5(5)/2008-PP-I Dated 30-03-2012 | 2011-12 | 789.77 | 660.73 | 660.73 | |
| iii | 1. No. 3/5(6)/2008-PP-I, Dated 18-03-2013<br>2. No. 3/5(7)/2008-PP-I,Dated 25-03-2013<br>3. No. 3/5(1)/2008-PP-I, Dated 18-03-2013<br>4. No. 3/5(5)/2008-PP-I, Dated 18-03-2013 | 2012-13 | 2511.04 | 449.44 | 449.44 | |
| iv | 1. No. 3/5(11)/2013-PP-I Dated 29-03-2017<br>2. No. 3/5(7)/2013-PP-I Dated 30-03-2017<br>3. No. 3/5(5)/2013-PP-I Dated 29-03-2017<br>4. No. 3/5(16)/2013-PP-I Dated 30-03-2017<br>5. No. 3/5(15)/2013-PP-I Dated 30-03-2017<br>6. No. 3/5(1)/2013-PP-I Dated 30-03-2017<br>7. No. 3/5(19)/2013-PP-I Dated 27-12-2016 | 2016-17 | 2063.10 | 212.44 | 212.44 | |
| v | 1. No. 13/397/2017- MsDP - MOMA Dated 30-11-2017<br>2. No. 13/400/2017- MsDP - MOMA Dated 30-11-2017 | 2017-18 | 367.26 | 42.60 | 42.60 | |
| vi | 1. No. 13/27/2019- MsDP - MOMA Dated 20-03-2019<br>2. No. 13/332/2017-MsDP-MoMA, Dated 29.09.2018<br>3. No. 13/5/2017-MsDP-MoMA, Dated 29.09.2018 | 2018-19 | 5399.914 | 900.76 | 900.76 | |
| **Total** | | | **11431.424** | **2452.25973** | **2452.25973** | |

(चौबीस करोड़ बावन लाख पच्चीस हजार नौ सौ तिहत्तर रूपये मात्र)

2.उपर्युक्त तालिका के स्तंभ–6 में अंकित राशि ₹2452॰25973 लाख (चौबीस करोड़ बावन लाख पच्चीस हजार नौ सौ तिहत्तर रूपये) मात्र बिहार सरकार की संचित निधि जमा है।

3. उक्त राशि ₹2452.25973 लाख (चौबीस करोड़ बावन लाख पच्चीस हजार नौ सौ तिहत्तर रूपये) को अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के संचित निधि में वापस जमा करने पर वित्त विभाग, बिहार, पटना की सहमति संचिका संख्या–अ०स०क०–08–क०–PMJVK–13/2021(पार्ट) के *पृ०–44/टि०* पर प्राप्त है।

4. इस पत्र के साथ पत्र में अंकित अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली का स्वीकृत्यादेश पत्र संलग्न है।

5. अतः उपर्युक्त के आलोक में अनुरोध है कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली से वित्तीय वर्ष 2009–10, 2011–12, 2012–13, 2016–17, 2017–18 एवं 2018–19 में प्राप्त केन्द्रांश मद की अव्यवहृत राशि ₹2452.25973 लाख (चौबीस करोड़ बावन लाख पच्चीस हजार नौ सौ तिहत्तर रूपये) को अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली को वापस करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

*ह०/–*

विशेष सचिव–सह–निदेशक

ज्ञापांकः— अ०स०क०—08—क०—PMJVK—13 / 2021(पार्ट) ................. / पटना—15, दिनांक.....................

प्रतिलिपिः— उप सचिव—सह—निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना / लेखा शाखा, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/—

विशेष सचिव—सह—निदेशक

ज्ञापांकः— अ०स०क०—08—क०—PMJVK—13 / 2021(पार्ट) ................. / पटना—15, दिनांक.....................

प्रतिलिपि :— कोषागार पदाधिकारी, कोषागार, सिंचाई भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/—

विशेष सचिव—सह—निदेशक

ज्ञापांकः— अ०स०क०—08—क०—PMJVK—13 / 2021(पार्ट) ................. / पटना—15, दिनांक.....................

प्रतिलिपि :— महालेखाकार (लेखा परीक्षा), बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/—

विशेष सचिव—सह—निदेशक

ज्ञापांकः— अ०स०क०—08—क०—PMJVK—13 / 2021(पार्ट) ................. / पटना—15, दिनांक.....................

प्रतिलिपि :— प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/—

विशेष सचिव—सह—निदेशक

E-Mail

ज्ञापांकः— अ०स०क०—08—क०—PMJVK—13 / 2021(पार्ट) ................. / पटना—15, दिनांक.....................

प्रतिलिपि :— अवर सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, 11वी मंजिल, प० दीनदयाल अन्त्योदय भवन, सी०जी०ओ० कॉम्पलेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली—110003 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/—

विशेष सचिव—सह—निदेशक

ज्ञापांकः— अ०स०क०—08—क०—PMJVK—13 / 2021(पार्ट) 626 / पटना—15, दिनांक 05/01/22

प्रतिलिपि :— आई०टी० प्रबंधक / प्रोग्रामर (पी०एम०जे०वि०के० कोषांग), अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित। आई०टी० प्रबंधक को निदेश दिया जाता है कि इस स्वीकृत्यादेश को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

विशेष सचिव—सह—निदेशक 5/1